पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने गज़ल गायक पंकज उधास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

लखनऊः 26 फरवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मशहूर गज़ल गायक श्री पंकज उधास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय पंकज उधास गजल गायकी के बेताज बादशाह थे, उन्हें गजल गायकी में सिल्वर जुबली पूरा करने के लिए पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था।

राज्यपाल जी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

राम मनोहर त्रिपाठी–सहायक निदेशक/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250